संख्या- 242 / 3322/चार-2023

प्रेषक,

दुर्गा शंकर मिश्र,
मुख्य सचिव,
उ0 प्र0 शासन।

सेवा में,

1-अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव/सचिव,
नगर विकास/नागरिक सुरक्षा /प्रान्तीय रक्षक दल एवं युवा कल्याण/पंचायती राज/परिवहन/ग्राम्य विकास/खेल/सैनिक कल्याण/गृह विभाग/बेसिक शिक्षा/ माध्यमिक शिक्षा/उच्च शिक्षा/सूचना एवं जनसम्पर्क/वन विभाग, उत्तर प्रदेश।

2-समस्त मण्डलायुक्त,
उत्तर प्रदेश।

3-समस्त जिलाधिकारी,
उत्तर प्रदेश।

संस्कृति अनुभागः **लखनऊ : दिनांक 31 जुलाई, 2023**

विषयः- "आजादी का अमृत महोत्सव" योजना के समापन समारोह में प्रदेश में 'मेरी माटी, मेरा देश' कार्यक्रमों के आयोजनों हेतु दिशा-निर्देश।

महोदय,

"आजादी का अमृत महोत्सव" भारत की आज़ादी के 75 साल पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित/आयोज्यमान एक पुनीत माटी-वन्दनोत्सव है जिसमें हम सभी के लिए अपनी विराट सांस्कृतिक विरासत के अवलोकन व मातृभूमि के वीर सपूतों/स्वतंत्रता संग्राम के जाने/अनजाने सेनानियों के योगदान से प्रेरणा लेने का स्वर्णिम अवसर है। यदि हम सभी संकल्पित होकर और जनसहभागिता के साथ इस महोत्सव को मनायें तो यह हमारा परम सौभाग्य होगा। ऐसे सौभाग्यमय उत्सवी रस की जन-जन तक पहुँच का सुनिश्चयन सरकार का ध्येय है।

2- इस महोत्सव की आधिकारिक यात्रा की शुरुआत 12 मार्च, 2021 को साबरमती में मा. प्रधानमंत्री जी के राष्ट्रप्रेम-सने उद्बोधन से हुई। आजादी के 75वें वर्ष में 75 सप्ताह तक चलने वाले इस कार्यक्रम का समापन 29-30 अगस्त, 2023 को नई दिल्ली के कर्तव्य-पथ पर किया जाना प्रस्तावित है। इसी श्रृंखला में दिनांक 25 अगस्त, 2023 को सी0जी0 सिटी लखनऊ में राज्य स्तरीय भव्य कार्यक्रम भी आयोजित किया जाना प्रस्तावित है।

3- 'मेरी माटी, मेरा देश' की अवधारणा देश की स्वतन्त्रता और प्रगति-यात्रा की याद दिलाते हुए भारत की मिट्टी के लिए जन-जन के हृदय में चिरन्तन रूप से स्थित प्रेम को और भी सुपुष्पित कराने और हमारी माटी में बसे वीरता के स्थायी भाव का उद्दीपन कराने की भावभूमि के समवेत विरचन की एकीकृत परिकल्पना है। इस संबंध में भारत सरकार के अर्द्धशा0 पत्र संख्या- 42-22/261/2023-AKAM दिनांक 22.07.2023 द्वारा विस्तृत दिशा-निर्देश निर्गत किये गये हैं। **(संलग्नक-1)**

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है ,अत :इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

4- उल्लिखित अवधारणा आधारित 'मेरी माटी, मेरा देश' कार्यक्रम गत वर्ष के 'हर घर तिरंगा' कार्यक्रम के तर्ज पर प्रदेश के समस्त ग्रामीण व शहरी, दोनों क्षेत्रों में आयोजित होंगे।

(अ) **ग्रामीण क्षेत्र में आयोजित होने वाले कार्यक्रमः-**

- ग्रामीण क्षेत्रों में कार्यक्रमों का आयोजन तीन प्रमुख चरणों में किया जायेगा जिसमें ग्राम स्तरीय कार्यक्रम/पंचायत स्तरीय कार्यक्रम /ब्लाक स्तरीय कार्यक्रम होंगे जिनके चयनित दो श्रेष्ठ प्रतिभागियों द्वारा, क्रमश: प्रदेश एवं देश की राजधानी में, समापन समारोह कार्यक्रम में प्रतिभाग किया जायेगा।
- दिनांक 09 अगस्त, 2023 को प्रातः अमृत सरोवर/पंचायत भवन/ विद्यालयों/शहीद स्थलों/ अमृत वाटिकाओं/ सामुदायिक केन्द्रों में से किसी भी चयनित स्थान पर बैठकों का आयोजन किया जाये जिसमें ग्राम प्रधान, ग्राम पंचायत सदस्य, ग्राम विकास अधिकारी तथा अन्य समस्त स्थानीय जन उपस्थित रहेंगे। दिनांक 09 से 15 अगस्त, 2023 तक कराये जाने वाले कार्यक्रमों की रूपरेखा संलग्न है।**(संलग्नक-2)**
- उल्लिखित आहूत बैठक के समस्त सहभागी गाँव के खेत/बगीचे/अन्य स्थानों से मुट्ठीभर मिट्टी लाकर ग्राम पंचायत परिसर में एतन्निमित्त नियत स्थल पर एकत्रित होंगे व अनन्तर लाई गई मुट्ठी भर इस मिट्टी को दो कलशों में संगृहीत किया जायेगा। ग्रामों/पंचायतों से मिट्टी-कलश अमृत यात्रा का शुभारम्भ करते हुए ब्लाक स्तर पर 16 से 20 अगस्त, 2023 तक पहुॅचाये जायेंगे। एकत्रित कलशों में से एक-एक कलश प्रति ग्राम पंचायत प्रदेश की राजधानी लखनऊ तथा देश की राजधानी नई दिल्ली में आयोजित राज्य स्तर/राष्ट्रीय स्तर के कार्यक्रमों तक चयनित श्रेष्ठ प्रतिभागियों के माध्यम से पहुँचाया जायेगा। ग्राम पंचायत स्तर पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की रूपरेखा निम्नवत् होगीः-
- **शिलाफलकम् (स्मारक) का निर्माण**- प्रत्येक ग्राम पंचायत में कम से कम एक स्मारक पट्ठिका लगाई जाये जिसका साइज 5 फीट x 3 फीट का होना चाहिए। यदि स्थान अधिक हो तो 5:3 के अनुपात में आकार को बढ़ाया जा सकता है। यह पट्ठिका अमृत सरोवरों, जलाशयों,अन्य जलस्त्रोतों के पास लगाई जा सकती है। यदि जलस्त्रोत नहीं हो तो ग्राम पंचायत कार्यालय अथवा विद्यालयों के आस-पास स्थापित की जा सकती है। शिलाफलकम् के निर्माण में स्थानीय सामग्री एवं संसाधनों का उपयोग करते हुए मनरेगा योजना के अन्तर्गत कार्य निष्पादित कराया जाये। शिलाफलकम् में अंकित की जाने वाली सामग्री एवं डिजाइन का प्रारूप शासनादेश के साथ संलग्न है। **(संलग्नक-3)** यदि इस सम्बन्ध में अधिक जानकारी प्राप्त करनी है तो इस अभियान से जुड़ी वेबसाइट https://yuva.gov.in/meri-mati-mera-desh से प्राप्त की जा सकती है।

- **पंच-प्रण**

  स्मारक स्थल पर दिनांक 15 अगस्त, 2023 को एकत्रित होकर कार्यक्रम के दौरान जनभागीदारी करने वाले समस्त व्यक्तियों को प्रत्येक की मुट्ठी में लेकर

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है ,अत :इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

पंच-प्रण दिलाये जायें। इस दौरान व्यक्तिगत अथवा सामूहिक सेल्फी लेकर इस अभियान से जुड़ी हुई वेबसाइट पर अपलोड की जाये। सेल्फी अपलोड करने के उपरान्त सम्बन्धित व्यक्ति को वेबसाइट के माध्यम से डिजिटल प्रमाण पत्र भी उपलब्ध कराया जायेगा। पंच-प्रण का प्रारूप शासनादेश के साथ संलग्न है। **(संलग्नक-4)**

- **वसुधा वन्दन**
  सभी ग्राम पंचायतों में एक स्थान चिह्नित किया जाए जहाँ 75 पौधों का रोपण कर अमृत वाटिका विकसित की जाये। अमृत वाटिका हेतु पौधों के क्रय किये जाने हेतु पूर्व से ही विक्रय केन्द्र चिह्नित कर लिए जायें। वन एवं पर्यावरण विभाग/ पंचायती राज विभाग/ग्राम्य पंचायत विभाग एवं स्थानीय जिला प्रशासन द्वारा, स्थानीय परिस्थितियों के अनुरूप, सूक्ष्म रूपरेखा तैयार कर समस्त कार्य सम्पादित कराये जायें।
- **वीरों का वन्दन**
  ग्राम पंचायत/ब्लाक स्तर पर स्वतन्त्रता संग्राम सेनानियों, थल सेना, वायु सेना, जल सेना केन्द्रीय पुलिस बल तथा राज्य पुलिस के सेवारत एवं सेवानिवृत्त ऐसे रक्षा कर्मी, जो ड्यूटी के दौरान देश की सेवा करते हुए शहीद हो गये, के परिवारों को चिह्नित कर समारोह में सम्मानित किया जाये।
- **ध्वजारोहण**
  दिनांक 15 अगस्त, 2023 को प्रत्येक कार्यक्रम स्थल पर राष्ट्रीय ध्वज फहराया जाये और राष्ट्रगान का समूह-गायन किया जाये।

(ब) ब्लाक स्तर पर आयोजित होने वाले कार्यक्रम

- प्रत्येक गाँव /ग्राम पंचायत से संगृहीत मृत्तिका-कलश लेकर युवा मंगल दल/महिला मंगल दल/नेहरू युवा केन्द्र/स्काउट गाइड/एन0सी0सी0 एवं अन्य संस्थाओं के इस निमित्त चयनित युवा अपने-अपने ब्लाक पर दिनांक 16 से 20 अगस्त, 2023 के मध्य एकत्रित होंगे।
- प्रत्येक ब्लाक पर गाँवों/ग्राम पंचायतों से संगृहीत दो मृत्तिका-कलश, क्रमशः प्रदेश की राजधानी लखनऊ एवं देश की राजधानी नई दिल्ली में, एतन्निमित्त चयनित श्रेष्ठ युवकों/युवतियों द्वारा लाया जायेगा। मृत्तिका-कलश का यह आनयन-आयोजन अमृत कलश यात्रा के रूप में किया जाए जिसमें साइकिल /मोटर साइकिल/अन्य समरूप सुलभ वाहनों को अनुषंगी रूप में शामिल कराते हुए यात्राओं के उत्सवी स्वरूप में कलशधारी युवा ब्लाक स्तर तक पहुँचेंगे । इस कार्यक्रम हेतु जिला युवा अधिकारी/क्षेत्रीय क्रीड़ा अधिकारी/खण्ड विकास अधिकारी/क्षेत्रीय शिक्षा अधिकारी द्वारा स्थानीय परिस्थितियों के अनुरूप सूक्ष्म योजना तैयार कर अमृत कलश यात्रा का आयोजन किया जाये।
- विकास खण्ड पर ब्लाक प्रमुख की अध्यक्षता में समस्त जनप्रतिनिधि/अधिकारी/ कर्मचारी एवं अन्य सम्मानित नागरिक एक उत्सव के रूप में गांवों से आये कलश प्राप्त उसकी मिट्टी मिलाकर 75 पौधे लगायेंगे तथा सारी मिट्टी मिलाकर दो कलश में एक राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली व दूसरी राज्य की राजधानी लखनऊ के लिए

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है ,अत :इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

बाद में रवाना की जायेगी। इस कार्यक्रम में भी ब्लाक के वीरों को सम्मान सहित याद किया जाये तथा सामूहिक राष्ट्रगान किया जाये। साथ ही आजादी का अमृत महोत्सव का स्मारक लगाया जाये।

(स) मुख्य कार्यक्रम नई दिल्ली एवं लखनऊ

- प्रदेश के समस्त ब्लाकों में एकत्रित किये गये मृत्तिका कलशों को सुसज्जित वाहनों के माध्यम से दिनांक 27 से 29 अगस्त, 2023 के मध्य नई दिल्ली के कर्तव्यपथ एवं दिनांक 23 से 24 अगस्त, 2023 के मध्य प्रदेश की राजधानी लखनऊ में एकत्रित किया जाये।
- देश एवं प्रदेश के सभी हिस्सों से एकत्रित की गई इस मिट्टी को अमृत वाटिका उद्यान विकसित करने के लिए उपयोग किया जायेगा। इस अमृत वाटिका में स्वदेशी प्रजातियों के 75 वृक्षों के लिए पौधारोपण किया जायेगा। इस अमृत वाटिका में देश की स्वतंत्रता/एकता/अखण्डता के लिए योगदान देने वाले सभी नायकों को समर्पित एक 'आजादी का अमृत महोत्सव' स्मारक बनाया जाये।

(द) शहरी क्षेत्रों में कार्यक्रम की रूपरेखा

शहरी क्षेत्रों में आयोजित होने वाले कार्यक्रम तीन प्रमुख स्तरों में आयोजित किये जायेंगे। प्रथम स्तर के कार्यक्रम छोटे स्थानीय निकायों, अधिसूचित क्षेत्र परिषदों, छावनी बोर्ड, नगर पंचायतों, नगर पालिकाओं में आयोजित किये जायेंगे। द्वितीय स्तर के कार्यक्रम नगर निगमों में होंगे एवं तृतीय स्तर के कार्यक्रम देश की राजधानी नई दिल्ली तथा प्रदेश की राजधानी लखनऊ में आयोजित किये जायेंगे। शहरी विकास विभाग प्रदेश के सारे स्थानीय निकायों के 17 नगर निगमों में समरूप व्यवस्था कर देंगे ताकि विकास खण्ड की भांति इन निगमों के निचले स्तर तक मिट्टी पहुॅच सके। नगर निगम में कार्यक्रम विकास खण्ड की भांति तथा अन्य नगर निकायों में ग्राम सभा की भांति आयोजित होंगे। शिलाफलकम्, वीरों का वंदन, ध्वजारोहण, पंच-प्रण, बसुधा-वंदन समरूप प्रकार से आयोजित होंगे।

- छोटे नगरीय स्थानीय निकायों/अधिसूचित क्षेत्र परिषदों, छावनी बोर्ड, नगर पंचायतों तथा नगर पालिकाओं में कार्यक्रमों में 09 अगस्त से 15 अगस्त, 2023 तक आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की रूपरेखा उक्त शासनादेश में उल्लिखित ग्रामीण क्षेत्र में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की रूपरेखा के समान ही होगी।

- नगर निगमों में 16 अगस्त से 20 अगस्त, 2023 के मध्य मृत्तिका-कलश को एकत्रित कर समारोह आयोजित किये जायें जिसमें जन प्रतिनिधियों को प्रतिभाग करने हेतु आमंत्रित किया जाये।

- प्रदेश के समस्त नगर निगमों में एकत्रित किये गये मृत्तिका-कलशों को सुसज्जित वाहनों के माध्यम से दिनांक 27 से 29 अगस्त, 2023 के मध्य

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है ,अत :इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

नई दिल्ली के कर्तव्य पथ एवं दिनांक 23 से 24 अगस्त, 2023 के मध्य उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में एकत्रित किया जाये।

- देश एवं प्रदेश के सभी हिस्सों से एकत्रित की गई इस मिट्टी को अमृत वाटिका उद्यान विकसित करने के लिए उपयोग किया जायेगा। इस अमृत वाटिका में स्वदेशी प्रजातियों के 75 वृक्षों के लिए पौध-रोपण किया जायेगा। इस अमृत वाटिका में देश की स्वतंत्रता/एकता/अखण्डता के लिए योगदान देने वाले सभी नायकों को समर्पित एक आजादी का अमृत महोत्सव स्मारक बनाया जाये।

(न) विभिन्न स्तरों पर आयोजित कार्यक्रमों का फोटो/वीडियो/सेल्फी इस अभियान के लिए तैयार की गई वेबसाइट https://yuva.gov.in/meri-mati-mera-desh पर अवश्य अपलोड कराने हेतु समस्त संबंधित को अवगत/सेन्सीटाइज करा दें। उक्त समस्त कार्यक्रमों की संकलित सूचना संस्कृति विभाग की पोर्टल https://culturalevents.in/ पर अपलोड की जाये जिससे कार्यक्रम के बाद पूरे आयोजन के संबंध में संकलन बनाने में उपयोग किया जायेगा। समस्त आयोजन समग्र उत्सवधर्मिता की समवेत अभिव्यक्ति के साथ मनाया जाये।

5- **'मेरी माटी मेरा देश'** अभियान के अन्तर्गत ब्लॉक स्तर/नगर निगम/राज्य स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन दिनांक 16 अगस्त से 25 अगस्त, 2023 के मध्य आयोजित किये जायेंगे। कार्यक्रमों के आयोजन का तिथिवार विवरण शासनादेश के साथ संलग्न है। **(संलग्नक-5)** जिसका अनुपालन सुनिश्चित किया जाना आवश्यक है।

6- विभिन्न स्तरों के कार्यक्रमों में सक्रिय भागीदारी को सुनिश्चित करने के लिए अधिक जानकारी, अभियान से जुड़ी वेबसाइट https://yuva.gov.in/meri-mati-mera-desh से प्राप्त की जा सकती है। इस वेबसाइट में इस अभियान से सम्बन्धित प्रचार-प्रसार सामग्री जैसे-स्टैण्डी/ होर्डिग/ बैनर /बैकड्राप /शिलाफलकम् की रूपरेखा/पंच-प्रण/ कार्यक्रम आयोजन किये जाने की गाइड लाइन/आजादी का अमृत महोत्सव से सम्बन्धित फिल्में/ मिट्टी गान का ऑडियो एवं वीडियो क्लिप/प्रचार अभियान की टैगलाइन तथा झण्डा संहिता से सम्बन्धित जानकारी डाउनलोड की जा सकती है।

7- प्रत्येक स्तर के कार्यक्रम का पर्याप्त प्रचार-प्रसार किया जाए, ताकि इससे अधिक से अधिक नागरिक जुड़कर अपने स्वतंत्रता आन्दोलन, भारत माता के वीर सपूतों/स्वतंत्रता संग्राम के जाने-अनजाने सेनानियों तथा स्वतंत्र भारत में विकसित होने के पावन लक्ष्य के साथ विभिन्न प्रकार के विकास कार्यक्रमों से जुड़ सके। प्रचार-प्रसार के लिए स्कूल-कालेज, उच्च शिक्षा संस्थानों, तकनीकी संस्थानों आदि के छात्रों, युवक/महिला मंगलदल, एन0सी0सी0, एन0एस0एस0, नेहरू युवा केन्द्र आदि के स्वयंसेवकों आदि को कार्यक्रम के साथ जोड़ा जाये।

8- अस्तु, उल्लिखित समस्त के सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ कि इस अभियान के प्रदेश में सफल आयोजन हेतु सुनिश्चित तरीके से पूर्ण सहयोग हर विभाग एवं जनपद/मण्डल प्रशासन द्वारा प्रदान किया जाए।

संलग्नक-उपरोक्तानुसार।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है ,अत :इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

भवदीय,
दुर्गा शंकर मिश्र
मुख्य सचिव

<u>संख्या व दिनांक तदैव</u>
प्रतिलिपि-

1. अपर मुख्य सचिव मा0 मुख्यमंत्री, उ0प्र0।
2. निजी सचिव, मा0 उप मुख्यमंत्रीगण/मा0 मंत्रीगण/मा0 राज्य मंत्रीगण, उ0प्र0।
3. निदेशक, सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि उल्लिखित अभियान का व्यापक प्रचार-प्रसार कराना सुनिश्चित करें।
4. निदेशक, संस्कृति निदेशालय को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि उत्सवधर्मितापूर्ण आयोजनों के अनुकूल कार्यक्रमों की रूपरेखा बनायें व उन्हें मूर्त रूप दिये जाने की व्यवस्था सुनिश्चित करायें।
5. गार्ड बुक।

आज्ञा से,
मुकेश कुमार मेश्राम
प्रमुख सचिव।

http://shasanadesh.up.gov.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है ,अत :इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

संलग्नक - 1

2470560/2023/

GOVIND MOHAN
Secretary
Ministry of Culture

सत्यमेव जयते

MEETA RAJIVLOCHAN
Secretary
Department of Youth Affairs

D.O. No. 42-22/261/2023-AKAM

July 22, 2023

Dear Shri Durga Shanker Mishra,

Azadi Ka Amrit Mahotsav (AKAM) is being celebrated as a nationwide and people led initiative to commemorate 75 years of India's independence and the glorious history of its people, culture and achievements.

2. 'Azadi Ka Amrit Mahotsav' started on 12th March, 2021 with a march from Sabarmati to Dandi. In this over two years journey, AKAM programmes have witnessed massive Jan bhagidhari. Till the end of June, 2023 more than 1.9 lakh events were undertaken, out of which State and Union Territories have done 1.6 lakh recorded events. As on date, 9 AKAM related programmes are done every hour. This is the largest celebratory effort in the post-Independence history of India dedicated to 75 years of freedom. This would not have been possible without the active support of the State/UT Governments.

3. **"Meri Maati Mera Desh"** campaign is envisaged as a culminating event of 'Azadi Ka Amrit Mahotsav'. It involves paying tribute to the 'Veers', who have made the supreme sacrifice for the country, by conducting ceremonies at Panchayat/Village, Block, Urban Local body, State and National level.

4. The details of the programmes under the campaign **"Meri Maati Mera Desh"** to be organized in the Rural and Urban Areas are given below:

A. **Programs in Rural Areas:** There are three key stages to the programme in the rural areas- Panchayat/Village levelprogramme, Block level Programme and the Finale at the National Capital.

i. **Panchayat level programs**: - These programmes are to be organized between 9th August and 15th August, 2023. There are five elements of the Panchayat level programmes as detailed below:

a. **Dedication of Shilaphalakam (memorial)**: A fundamental aspect of the program is to express heartfelt gratitude to all the bravehearts (Veer) who have made the supreme sacrifice. On the

...2/-

Shilaphalakam, names of the Veers are to be inscribed. For this purpose, the Veers include freedom fighters, defense personnel, personnel of Central Armed Police Forces and State Police who laid down their lives in the line of duty. Shilaphalakam may preferably be erected near Amrit Sarovars or in the absence of Amrit Sarovar, some other appropriate water body. In case, no such water body is available, the Shilaphalakam may be constructed in the Panchayat building or local school or at some other prominent location. (The design of the Shilaphalakam is enclosed in the Annexure). Events may be held at panchayat/Village from 9th August to 15th August, 2023 near Shilaphalakam.

b. **Panch Pran Pledge**: At the memorial site, people will take a solemn pledge covering Panch Pran of the Hon'ble Prime Minister, affirming their commitment to the country. The pledge is given below:

"I pledge to play my part in building a developed India
I pledge to remove any trace of colonial mindset
I pledge to take pride in promotion & preservation our rich cultural heritage
I pledge to strive for the unity and solidarity of the country
I pledge to fulfill my duties and responsibilities towards my nation
I pledge to honour the sacrifice of our country's brave-hearts and devote myself to nation's defense & progress"

During the ceremony, people would either individually or collectively take a selfie while taking the pledge with soil in the hand and upload to the dedicated website. This would be a key public activation activity to ensure high janbhagidari.

c. **Vasudha Vandhan**: Each Gram Panchayat/village will renew and replenish Mother Earth by planting 75 saplings of indigenous species and developing an AmritVatika.

d. **Veeron KaVandan**: Panchayats may hold felicitation ceremonies for honoring the freedom fighters and the families of the deceased freedom fighters. They may also honour retired personnel from Defence, CAPF and State Police and the families of the brave hearts of these forces who have sacrificed their lives in the line of duty. Felicitation may be as per local traditions and customs.

e. Hoisting of the National Flag and singing of Rashtragaan may be undertaken at each of the programme sites.

....3/-

ii. **Block Level Programs:** Youth volunteers and other people would collect Mitti from each Panchayat/Village and bring them to the block level. From each Block, Mitti-Kalash having the soil from all the Panchayat/Village, would be carried to the National Capital. For better youth participation at Gram Panchayat/Village and Block level, the District Youth Officer of NYKS, Department of Youth Affairs may be associated with the campaign.

iii. **Finale Event at New Delhi:** From 27th August to 30th August, 2023, the collected Mitti-Kalash will be transported to Kartavya Path, New Delhi. The Mitti from all parts of the country would be utilized to develop a unique garden, called Amrit Vatika, with plantation of the indigenous species. An AKAM Memorial dedicated to all the heroes who have contributed for the freedom, unity and integrity of the country would be erected.

B. **Programs in Urban Areas:** There are three key stages to the programme in the Urban areas. The first level of programmes will be held in the small Urban Local bodies, Notified Area Councils (NACs), Cantonment Boards, Town Panchayats. Second level programmes will be at bigger Municipalities and Municipal Corporations and the third level, i.e. the finale will be at the National Capital.

i. **Programmes in Small Urban bodies/NAC/Cantonment Boards/Town Panchayats:** These programmes are to be between 9th August and 15th August 2023. In these areas all the five elements detailed for the rural areas in para 4 (A)(i) may be conducted.

ii. **Programmes at the larger Municipalities/Corporations:** These programmes are to be organized between 16th August and 20th August, 2023. The Mitti-Kalash are to be brought ceremoniously to larger Municipalities/Corporations.

iii. **Finale Event at New Delhi:** From 27th August to 30th August, 2023, the collected Mitti-Kalash from the Municipalities will be transported to Kartavya Path, New Delhi.

C. **Program at the State Capital:** State Governments may like to organize State level ceremonial programmes dedicated to Meri Maati Mera Desh Campaign. These programmes may be held between 16th August to 25th August, 2023.

...4/-

Important Dates for the Meri Maati MeraDesh Campaign

Dates	Details
9th August, 2023- 15th August, 2023	• Main launch event of the Campaign on 9th August2023 • Programmes in Panchayats/Villages, Small Urban Local bodies • Uploading of Selfies
16th August, 2023- 20th August, 2023	• Programmes in Blocks, bigger Municipalities/Corporations
16th August, 2023 –25th August, 2023	• State Level ceremonial programmes
Towards the Grand Finale Proposed at Kartavya Path – 30th August, 2023	
27th August, 2023 - 28th August, 2023	• Arrival of Youth delegates in Delhi and Preparation for the Finale
29th August, 2023 or 30th August, 2023	• Finale programme with VVIP presence at Kartavya Path

5. To encourage active participation, a dedicated website is being created (https://yuva.gov.in/meri_maati_mera_desh), where both general public and Gram Panchayat/Village/Urban Local Bodies representatives can get the programme details, the communication material, take pledge and post selfies and thus amplify the digital traction of the programme. Further, the design of Shilaphalakam would be downloadable from the website.

6. "Meri Maati Mera Desh" envisions a unified celebration of India's soil and valor, commemorating the nation's journey of freedom and progress. By connecting with the land and honoring our heroes, this program will instill a sense of national pride and inspire future generations to protect India's cherished heritage. Through collective efforts and participation, "Meri Maati Mera Desh" will leave an indelible mark on India's history. It is therefore, requested to extend full co-operation and support for the successful implementation of this campaign.

with regards,

(Govind Mohan)
Secretary
Ministry of Culture

(Meeta Rajivlochan)
Secretary
Department of Youth Affairs

Shri Durga Shanker Mishra
Chief Secretary
Government of Uttar Pradesh
Lucknow

2470560/2023/

संलग्नक-2

09 से 15 अगस्त, 2023 तक 'मेरी माटी, मेरा देश अभियान' के अन्तर्गत ग्राम पंचायत/नगर पंचायतों/स्थानीय नगर निकायों में आयोजित

होने वाले कार्यक्रमों की रूपरेखा

दिनांक	कार्यक्रम
09 अगस्त, 2023	• ग्राम-पंचायत/नगर पंचायतों में ग्राम प्रधान, ग्राम पंचायत सदस्य, ग्राम विकास अधिकारी, खण्ड विकास अधिकारी द्वारा बैठक आहूत कर 'शिलाफलकम्' हेतु स्थान निर्धारण। • अमृत कलश हेतु मिट्टी का संग्रहण किया जाना। • जन प्रतिनिधियों के साथ प्रार्थना सभा का आयोजन। • स्कूलों एवं विद्यालयों में माटी गीत का गायन। • स्थानीय कलाकारों द्वारा राष्ट्रभक्तिपूर्ण सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ।
10 अगस्त, 2023	• प्राथमिक विद्यालयों में 'मेरी माटी, मेरा देश' अभियान के अन्तर्गत प्रभातफेरी, तिरंगा-यात्रा का आयोजन। • स्वतन्त्रता संग्राम स्थलों/शहीद स्मारक पर स्वच्छता अभियान। • शहीद स्मारकों/स्थलों पर पुलिस/पी0एस0सी0 बैण्ड राष्ट्रभक्ति गीतों का वादन। • स्थानीय कलाकारों द्वारा राष्ट्रभक्तिपूर्ण सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ।
11 अगस्त, 2023	• विद्यालयों में वीरों की गाथा से सम्बन्धित कहानियों का वाचन। • पौधा-वितरण एवं बिक्री स्थल का चिह्नांकन। • स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से मिट्टी के दीये एवं कलश की व्यवस्था। • राशन की दुकानों पर 'मेरी माटी, मेरा देश' अभियान हेतु बैनर, पोस्टर, स्टैण्डी के माध्यम से प्रचार-प्रसार। • ग्राम पंचायतों द्वारा डाक्टर, नर्स, व्यावसायिक कृषक, आशा-बहुओं, शिक्षक आदि का प्रतिनिधित्व करने वाले प्रतिनिधियों की वेशभूषा में प्रभात-फेरी। • स्थानीय कलाकारों द्वारा राष्ट्रभक्तिपूर्ण सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ।
12 अगस्त, 2023	• युवक मंगलदल, महिला मंगलदल, एन0सी0सी0,

2470560/2023/

	एन0वाई0के0 के सदस्यों द्वारा 'मेरी माटी, मेरा देश' मिनी मैराथन का आयोजन। • स्वतन्त्रता संग्राम स्थलों/शहीद स्मारकों की धरोहर विषयक फोटोग्राफी प्रतियोगिता। • शहीद स्मारकों/स्थलों पर पुलिस बैण्ड का वादन। • स्थानीय कलाकारों द्वारा **मौलिक रचनाओं** की राष्ट्रभक्तिपूर्ण सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ।
13 अगस्त, 2023	• प्राथमिक विद्यालयों/ऑगनबाड़ी केन्द्रों के बच्चों हेतु मध्याह्न विशेष भोजन की व्यवस्था। • विद्यालयों में आजादी के नायकों पर आधारित एकल अभिनय। • ग्राम पंचायत में रंगोली प्रतियोगिता। • विद्यालयों के बच्चों के मध्य कविता गायन प्रतियोगिता। • स्थानीय कलाकारों द्वारा **मौलिक रचनाओं** की राष्ट्रभक्तिपूर्ण सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ।
14 अगस्त, 2023	• बच्चों हेतु कठपुतली/जादू के कार्यक्रमों का आयोजन। • अमृत सरोवरों पर प्रभात-फेरियों का आयोजन। • 75-75 स्वच्छागृहियों का सम्मान। • राष्ट्रभक्तिपूर्ण/ओजपूर्ण कवि सम्मेलनों का आयोजन। • स्वतन्त्रता दिवस की पूर्व संध्या पर विशेष स्वच्छता अभियान। • स्थानीय कलाकारों द्वारा **मौलिक रचनाओं** की राष्ट्रभक्तिपूर्ण सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ।
15 अगस्त, 2023	• समस्त ग्राम पंचायतों/नगर पंचायतों में **'मृत्तिका-कलश'** तैयार करना। • झण्डारोहण एवं राष्ट्रगान का समूह-गायन। • पंच-प्रण। • स्वतन्त्रता संग्राम सेनानियों/शहीद परिजनों का सम्मान। • सेल्फी अपलोड करना। • पुलिस/पी0ए0सी0 बैण्ड द्वारा राष्ट्रधुन का वादन। • स्थानीय कलाकारों द्वारा **मौलिक रचनाओं** की राष्ट्रभक्तिपूर्ण सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ।

नोट: उल्लिखित कार्यक्रमों की रूपरेखा सांकेतिक तौर पर निर्धारित की गयी है जिसमें स्थानीय आवश्यकताओं के अनुरूप जिला प्रशासन द्वारा संशोधन किये जा सकते हैं।

2470560/2023/

संलग्नक-3

शिलाफलकम का डिज़ाइन

A. शिलाफलक का अवलोकन

प्रत्येक पंचायत में लगभग 5 फुट x 3 फुट की एक स्मारक पट्टिका का निर्माण किया जाना है। (स्थान की उपलब्धता के अनुसार 5x3 के अनुपात में साइज का निर्धारण किया जायेगा)

1. स्मारक पट्टिका का निर्माण अमृत सरोवर एवं अन्य सार्वजनिक जल स्रोतके पास किया जाएगा। जिन स्थानों पर जलस्रोत उपलब्ध नहीं हैं वहाँ पंचायत कार्यालयों, स्कूलों इत्यादि के पास स्मारक पट्टिकाओं का निर्माण किया जाना चाहिए।
2. स्थानीय सामग्री और संसाधनों का लाभ उठाकर महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) के माध्यम से कार्य निष्पादित किया जा सकता है।
3. कलाकृति/आकृति का संदर्भ अभियान की वेबसाइट पर उपलब्ध होगा।
4. आवश्यकतानुसार पंचायत के नाम से आकृति और सन्दर्भ का प्रिंट डाउनलोड किया जा सकता है।

B. शिलाफलक के डिजाइन में निम्नलिखित घटक शामिल होंगे:

1. AKAM लोगो

2. विजन 2047 के लिए मा0 प्रधानमंत्री की उक्ति

3. स्थानीय वीरों के नाम

4. पंचायत का नाम

5. दिनांक

शर्तें:-

- जहां स्थानीय वीर उपलब्ध नहीं हैं उन स्थानों पर देश के लिए समर्पित जनसामान्य का उपयोग किया जा सकता है।
- शिलाफलकम की कलाकृति/आकृति में AKAM लोगो/AKAM 2047 का विज़न विचार /पंचायत का नाम और तिथि शामिल होनी चाहिए।
- ओपन फ़ाइल वेबसाइट के माध्यम से डाउनलोड की जा सकती है।
- स्थानीय वीरों का नाम स्थानीय स्तर पर जोड़ा जायेगा।

2470560/2023/

C. इस पहल के लिए 'वीर' की परिभाषा

स्थानीय 'वीरों' की सूची में निम्न को शामिल किया जा सकता है :-

I. स्वतंत्रता संग्राम सेनानी
II. सैन्य कर्मी (सेना, नौसेना, वायु सेना) जो ड्यूटी के दौरान देश की सेवा करते हुए शहीद हुए।
III. राज्य पुलिस बल, केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल के वो कर्मी जो ड्यूटी के दौरान शहीद हुए।

D. विजन 2047 के लिए माननीय प्रधान मंत्री जी की उक्ति

- "मातृभूमि के लिए प्रत्येक दिन, प्रत्येक क्षण और जीवन के प्रत्येक कण का जीना, स्वतंत्रता सेनानियों के प्रति हमारी सच्ची श्रद्धांजलि होगी।"

  - माननीय प्रधान मंत्री श्री नरेंद्र मोदी

E.जन-जन के नारे

- मातृभूमि की स्वतंत्रता और उसके गौरव की रक्षा के लिए बलिदान हुए वीरों को शत्-शत् नमन।
- मातृभूमि की स्वतंत्रता और गौरव की रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले वीरों को शत्-शत् नमन।

संलग्नक -3



फ. स्थानीय वीर उपलब्ध होने पर उपरोक्त डिजाइन का प्रयोग किया जायेगा।

ग. स्थानीय वीर उपलब्ध ना होने पर निम्न डिजाइन का प्रयोग किया जायेगा।



नोट : कृपया सभी से अनुरोध है कि शिलाफलकम् के अन्तिम कार्यान्वयन से पूर्व इस अभियान से जुड़ी वेबसाइट (merimaatimeradesh.gov.in) को अवश्य चेक कर लें।

2470560/2023/

संलग्नक-4

अमृत काल के पंचप्रण

1- विकसित भारत का लक्ष्य

2- गुलामी के हर अंश से मुक्ति

3- अपनी विरासत पर गर्व

4- एकता और एकजुटता

5- नागरिकों में कर्त्तव्य की भावना

"मैं शपथ लेता हूँ कि विकसित भारत के निर्माण में अपनी भागीदारी निभाऊंगा। मैं शपथ ले

ता हूँ कि गुलामी की मानसिकता से मुक्ति के लिये हर संभव प्रयास करूंगा।

मैं शपथ लेता हूँ कि देश की समृद्ध विरासत पर गर्व करूंगा और इसके उत्थान के लिए हमेशा कार्य करता रहूँगा। मैं शपथ लेता हूँ कि देश की एकता और एकजुटता के लिए सदैव प्रयासरत रहूँगा।

मैं शपथ लेता हूँ कि राष्ट्र के प्रति अपने कर्तव्यों और दायित्वों का पालन करूंगा। मैं शपथ लेता हूँ कि देश के गौरव के लिए प्राण देने वाले वीरों से प्रेरित होकर राष्ट्र की रक्षा,सम्मान और प्रगति के लिए समर्पित रहूँगा।"

2470560/2023/

संलग्नक-5

तिथिवार कार्यक्रम

दिनांक	कार्यक्रम का विवरण
9 अगस्त 2023- 15 अगस्त 2023	• 09 अगस्त, 2023 को मुख्य कार्यक्रम का शुभारम्भ • पंचायतों/गांवों, छोटे शहरी स्थानीय निकायों में कार्यक्रम • सेल्फी अपलोड करना
16 अगस्त 2023- 20 अगस्त 2023	• ब्लाकों, बड़ी नगर पालिकाओं/ निगमों में कार्यक्रम
23 अगस्त 2023- 24 अगस्त 2023	• लखनऊ में प्रतिनिधियों का आगमन एवं समापन कार्यक्रम की तैयारी
25अगस्त 2023	• राज्य में मुख्य कार्यक्रम सिटी लखनऊ
कर्तव्यपथ पर नई दिल्ली पर प्रस्तावित मुख्य केंद्रीय कार्यक्रम(ग्रैंड फिनाले)30 अगस्त 2023	
27 अगस्त 2023- 28 अगस्त 2023	• दिल्ली में प्रतिनिधियों का आगमन एवं समापन कार्यक्रम की तैयारी
29 अगस्त 2023 या 30 अगस्त 2023	• कर्तव्यपथ पर गणमान्यों की उपस्थिति में समापन समारोह